# स्वच्छता के लिए 17 जनवरी को दौड़ेगा रतलाम

रतलाम ● नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु 17 जनवरी को रैली आयोजित किए जाने हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने निगम अधिकारी व नगर निगम की सहयोगी संस्था आस्था के सदस्यों की बैठक ली। निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि रतलाम नगर स्वच्छता में नम्बर 1 तभी बन सकता है जब नगर का प्रत्येक नागरिक स्वच्छता के प्रति जागरूक हो। नागरिकों को जागरूक किए जाने हेतु 17 जनवरी को स्वच्छता रैली का आयोजन किया जाना है इस हेतु समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली जाए। श्री झारिया ने निर्देशित किया कि आयोजित रैली में जनप्रतिनिधि, नगर निगम सहित विभिन्न शासकीय कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी, स्वयंसेवी व सामाजिक संस्थाएं, शिक्षक, विद्यार्थी, नागरिक को सम्मिलित किया जाकर स्वच्छता जागरूकता की विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाए। आयोजित की जाने वाली रैली में स्वच्छता यात्रा, नागरिकों को निगम द्वारा दी जाने वाली सेवाएँ, निगम के करो का समय पर भुगतान किये जाने के संदेश का चलित माडल से प्रचार–प्रसार, कचरा पृथक्कीकरण के लिये चार डस्टबीन रखे जाने के प्रचार–प्रसार किये जाने के निर्देश निगम आयुक्त ने बैठक में संबंधितों को दिये।

2 गुरुवार 7 जनवरी से बुधवार 13 जनवरी 2021- साप्ताहिक उपग्रह रतलाम

# भवन अनुज्ञा शुल्क वृद्धि पर निगम प्रशासन का यू-टर्न

**रतलाम।** नगर निगम द्वारा गत एक दिसंबर से बढ़ाए गए भवन निर्माण अनुज्ञा शुल्क पर करीब एक महीने बाद कलेक्टर और निगम प्रशासक गोपालचंद्र डाड ने रोक लगा दी। इसके बाद इस सप्ताह से शहरवासियों को पूर्व निर्धारित शुल्क के अनुसार निर्माण अनुमति मिलना शुरू हो गई। लेकिन इससे पूर्व यह बढ़ा हुआ शुल्क वापिस कम कराने के लिए नेताओं और राजनीतिक दलों को काफी मशक्कत करना पड़ी।

कलेक्टर एवं प्रशासक स्तर पर 1 दिसंबर से शुल्क बढ़ते ही इसका विरोध शुरू हो गया था। शहर विधायक चेतन्य काश्यप जनमानस की भावना अनुसार दिसंबर के पहले सप्ताह में ही इस मामले को लेकर कलेक्टर एवं प्रशासक श्री डाड से चर्चा कर उन्हें अनुज्ञा शुल्क का युक्तियुक्तकरण करने को कह दिया था। बाद में उन्होंने दिसंबर के तीसरे सप्ताह में इस संबंध में पत्र भी भेजा, लेकिन प्रशासन निर्णय नहीं कर पाया। कांग्रेस नेताओं के एक प्रतिनिधि मंडल ने जब ज्ञापन देकर इस मुद्दे को उछाला तो अनुज्ञा शुल्क की तरह राजनीति में भी उछाल आ गया। कांग्रेस के तत्काल बाद भाजपा के मंडल अध्यक्षों ने आयुक्त सोमनाथ झारिया से मुलाकात की और उन्हें विधायक श्री काश्यप के पत्र का हवाला देते हुए फिर अनुज्ञा शुल्क कम करने का मांग पत्र सौंपा।

इस पत्र के बाद प्रशासन जागा और कलेक्टर एवं प्रशासक श्री डाड ने बढ़े हुए भवन अनुज्ञा शुल्क को आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया है। गौरतलब है कि नगर निगम की परिषद ने वर्ष 1991-92 में मलबा टैक्स और भूमि उपयोग शुल्क को बढ़ाया था। इससे नए भवन निर्माण की अनुमति का जो शुल्क निर्धारित हुआ था, उसमें कई गुना वृद्धि करते हुए वर्तमान प्रशासन ने दिसंबर से नई दरें लागू की थीं। इससे अनुज्ञा शुल्क 5000 से बढ़कर 50 हजार तक पहुंच गया था।

## निर्धारित राशि की जगह 1 प्रतिशत का फंडा

भवन निर्माण अनुमति के लिए पहले नगर निगम द्वारा मलबा टैक्स -अधिकतम 2500 रुपए एवं भूमि उपयोग शुल्क अधिकतम 1000 रुपए निर्धारित था। 1 दिसंबर से इसे बदलकर जो दरें लागू की गई थी, उनके मुताबिक मलबा टैक्स निर्माण लागत का 1 प्रतिशत और भूमि उपयोग शुल्क भी निर्माण लागत का 1 प्रतिशत किया गया था। इससे 10 लाख रुपए का मकान बनाने वाले को अधिकतम 3500 के स्थान पर 20000 रुपए देने पड़ रहे थे।

संकलन-नगर निगम, रतलाम अखबार-नई दुनिया-पृष्ठ 7.....दिनांक...8-1......2021

# 77 दिनों में ठीक किए 117 वॉल्व व 534 पाइप लीकेज

8-1-2021

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पाइप लाइन व वॉल्व लीकेज ठीक करने का कार्य जलप्रदाय विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसके तहत 77 दिनों में 117 वॉल्व व 534 पाइप लाइन लीकेजों को ठीक किया जा चुका है। रतलाम जलशक्ति अभियान वाट्सएप ग्रुप में लीकेज की समस्या को अपलोड कर तत्काल निराकरण करवाया जा रहा है।

गुरुवार को जवाहर नगर लक्ष्मी आटा चक्की के पास, कस्तूरबा नगर मुख्य मार्ग डीपी के पास, कस्तूरबा नगर गली नंबर छह, कल्याण नगर, विनोबा नगर टंकी के पास, रामबाग अग्रवाल एडवोकेट के घर के सामने, मिशन कम्पाउंड, नीम चौक, शेरानीपुरा गुड्डलक बुट हाउस के सामने, त्रिवेणी व मराठों का वास फतेह मस्जिद के सामने पाइप लाइन ठीक करवाने के साथ काटजू नगर बगीचे के बाहर, रामदेवजी की घाटी रामदेव मंदिर के पास, धावरिया बाजार टंकी के सामने वॉल्व लीकेज को ठीक करवाया गया। उक्त कार्यवाही कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, जलप्रदाय विभाग प्रभारी सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री सुहास पंडित, भैयालाल चौधरी के अलावा नीरज यादव, मोहन आदि के निर्देशन में की गई।

## अन्न उत्सव : पहले हार पहनाकर स्वागत किया, फिर 22700 परिवारों को दिया राशन



रतलाम | पात्रता पर्चीधारक लोगों का गुरुवार को राशन दुकानों पर अतिथियों की तरह सत्कार हुआ। दुकान संचालकों ने हितग्राहियों का हार पहनाकर स्वागत किया। उसके बाद पात्रतानुसार राशन प्रदान किया। यह सब हुआ अन्न महोत्सव में, जो गुरुवार को जिले की 391 शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर मनाया गया। इनमें आलोट की 82, जावरा की 105, सैलाना की 81, रतलाम ग्रामीण की 60, रतलाम की 63 राशन दुकान शामिल हैं। इनसे जुड़े 22700 परिवारों को राशन का वितरण किया गया। ऐसा करके जिले ने प्रदेश के टॉप टेन में जगह बना ली है। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड के निर्देशन में मनाए गए अन्न उत्सव की नोडल अधिकारी, जनप्रतिनिधि और निगरानी समिति के सदस्य मॉनीटरिंग करते रहे।

उत्सव

## प्रदेश के पहले दस जिलों में शामिल रहा रतलाम, 22 हजार से अधिक परिवारों को बांटा राशन

### जिले में 391 उचित मूल्य दुकानों पर मना अन्न उत्सव

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. जिले में गुरुवार को 391 शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर अन्न उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर के निर्देश पर नोडल अधिकारियों के साथ राशन दुकानों पर स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इनकी मौजूदगी में पात्रता पर्चीधारकों द्वारा राशन सामग्री प्राप्त की गई।

जिला आपूर्ति अधिकारी विवेक सक्सेना ने बताया कि अनुविभाग आलोट में 82, जावरा में 105, सैलाना में 81, रतलाम ग्रामीण में 60 एवं रतलाम शहर अंतर्गत 63 शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर अन्न उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें कुल 22 हजार 700 परिवारों ने अन्न उत्सव में भाग लेकर शासकीय उचित मूल्य दुकानों से नोडल अधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं निगरानी समिति के सदस्यों की उपस्थिति में राशन सामग्री प्राप्त की गई।

### सेक्टर अधिकारी लगाते रहे चक्कर

अन्न उत्सव आयोजन के लिए ग्राम पंचायतों में मुनादी कराई गई एवं व्यक्तिगत सूचना देकर पात्रता पर्चीधारी उपभोक्ताओं को आमंत्रित किया गया। उचित मूल्य दुकानों पर आमंत्रित उपभोक्ताओं का फूल-माला से स्वागत किया गया, निःशुल्क मास्क प्रदान किए व उनकी पात्रता अनुसार राशन सामग्री प्रदान की गई। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड द्वारा अन्न उत्सव आयोजन की निगरानी एवं मॉनिटरिंग के लिए प्रत्येक 10 दुकानों पर जिला प्रमुखों को सेक्टर अधिकारी बनाया गया था।

### पहले दस जिलों में रहा रतलाम

जिले में आयोजित अन्न उत्सव आयोजन में सर्वाधिक परिवारों को 1 दिन में अर्थात 7 जनवरी में वितरण करने वाले जिलों में रतलाम जिला प्रथम 10 जिलों में शामिल रहा। नोडल अधिकारियों की उपस्थिति बायोमेट्रिक से दर्ज कराई गई व जिले में संपूर्ण अन्न उत्सव आयोजन की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की गई। संपूर्ण अन्न उत्सव आयोजन की गतिविधियों की तैयारियां कलेक्टर के मुख्य मार्गदर्शन में संपन्न की गई।

## 527 मवेशियों को गोशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा जा रहा है। इसके तहत अब तक 527 मवेशियों को पकड़कर जिले की गोशालाओं में भेजा जा चुका है। गुरुवार को दो बत्ती व दीनदयाल नगर से दो मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गए।

## 525 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जा रहा है जिसके तहत 12 अक्टूबर से 6 जनवरी तक 525 मवेशियों को पकड़कर जिले की गौशालाओं में भेजा गया। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 12 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 6 जनवरी तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 523 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 06 जनवरी को रेल नगर व ग्लोबस कालोनी से 2 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गये। नगर निगम एक्ट की धारा 358 के तहत कोई भी व्यक्ति जो कि अपना घोड़ा या अन्य किसी भी पशु को अपनी इच्छा से खुला छोड़ेगा व उससे किसी व्यक्ति या संपत्ति को नुकसान पंहूचता है तो पालक पर 500 रूपये का अर्थदण्ड किये जाने का प्रावधान हैं। निगम एक्ट के तहत अब स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशी पालकों के घर जाकर निगम दस्ता अर्थदण्ड राशि रूपये 500/- वसूल करेगा।

# गंदगी फैलाने वाले 30 व्यक्तियों पर जुर्माना

## सीसीटीवी से रखी जा रही निगरानी

8-1-2021

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। नगर निगम द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिकों व दुकानदारों पर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सतत नजर रखी जा रही है। इसके लिए पुलिस कंट्रोल रूम पर तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी फैलाने पर सुरेंद्र शर्मा स्टेशन रोड, न्यू सिद्धार्थ, अमजा, न्यू रतनदीप, मास्टर, सुजानमल, जीतू भाई, न्यू रिलीफ फर्नीचर, अंबिका, छत्रीपुल, रमेश मईड़ा पावर हाउस रोड, शीतल ट्रेडर्स, उज्ज्वल चौहान धानमंडी पर 500-500, प्रेम कोर्ट तिराहा, शिवम धानमंडी पर 250, इरफान छत्रीपुल पर 200, मनोहर, डीएस राठौर, बंशी प्रजापत, मनीष कटारिया, श्यामसिंह, वसीम, नवाब, राजपाल महू रोड बस स्टैंड, अशोक चौहान, विकास जाटव पावर हाउस रोड, शिवम राठौर, पूजा पाव भाजी, उपेंद्र दो बत्ती पर 100-100, करण-मोहित पर 50 रुपये का जुर्माना किया गया। जुर्माने की कार्रवाई प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक विनय चौहान आदि द्वारा की गई।

# गंदगी फैलाने पर 17 व्यक्तियों पर जुर्माना

इन्दौर समाचार 8-1-2021

रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत्त निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार प्रकाश, राठौड़ रेस्टोरेंट अलकापुरी, गौराना स्टील, आरती स्टील, राज रतन स्टील पावर हाउस रोड, सुयश राठौड़ लोकेन्द्र भवन रोड, अंगारा होटल स्टेडियम मार्केट पर 500-500, चेतन राठौड अलकापुरी, दीपक शहर सराय, नारायण शर्मा सैलाना बस स्टैण्ड, राजेश सिविक सेन्टर, तय्यबी ऑटो पार्ट्स स्टेडियम मार्केट पर 250-250, भगवती रेस्टोरेंट अलकापुरी, गोपाल सैलाना बस स्टैण्ड, अमित सिविक सेन्टर पर 100-100, राकेश सैलाना बस स्टैण्ड व कैलाशचन्द्र सिविक सेन्टर पर 50-50 रूपये का जुर्माना किया गया। जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व श्री पर्वत हाडे, उप स्वच्छता निरीक्षक विनय चौहान आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# गंदगी फैलाने पर 17 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे लोगों पर निगमायुक्त के निर्देशानुसार जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। प्रकाश, राठौड़ रेस्टोरेंट अलकापुरी, गौराना स्टील, आरती स्टील, राज रतन स्टील पावर हाउस रोड, सुयश राठौड़ लोकेन्द्र भवन रोड, अंगारा होटल स्टेडियम मार्केट पर 500-500, चेतन राठौड अलकापुरी, दीपक शहर सराय, नारायण शर्मा सैलाना बस स्टैण्ड, राजेश सिविक सेन्टर, तय्यबी ऑटो पार्टर्स स्टेडियम मार्केट पर 250-250, भगवती रेस्टोरेंट अलकापुरी, गोपाल सैलाना बस स्टैण्ड, अमित सिविक सेन्टर पर 100-100, राकेश सैलाना बस स्टैण्ड व कैलाशचन्द्र सिविक सेन्टर सहित 17 व्यक्ति पर जुर्माना लगाया गया।

स्वतंत्र दुनिया

8-1-2021

# शहर में ड्राय रन आज : स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी को लगाएंगे डमी वैक्सीन

## आठ बजे से होगी प्रक्रिया, भोपाल से इस ट्रायल की लाइव मॉनिटरिंग होगी

भास्कर संवाददाता | रतलाम


ड्राय रन से पहले तैयारियों में जुटे स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी।

कोरोना वैक्सीन को लेकर हलचल तेज हो गई है। शहर में शुक्रवार को ड्राय रन होना है। एक दिन पहले यानी गुरुवार को अधिकारी से लेकर कर्मचारी तक इसकी तैयारियों में जुटे रहे। ड्राय रन की मॉनिटरिंग सीधे भोपाल से की जाएगी।

ड्राय रन की शुरुआत सुबह 8 बजे से होगी। यह एक तरह की मॉक ड्रिल है। इसमें वैक्सीन को कोल्ड चैन से निकाल कर संबंधित व्यक्ति को लगाने की पूरी प्रोसेस की जाएगी। जिस व्यक्ति को वैक्सीन लगाई जाएगी, वह स्वास्थ्य विभाग का ही रहेगा। जो पहले से रजिस्टर्ड हो चुका है। हालांकि, यह वैक्सीन डमी रहेगी, यानी, असली नहीं होगी। वैक्सीन के ड्राय रन में कोई गफलत की स्थिति ना बने इसलिए गुरुवार को प्रैक्टिस की गई। सभी संबंधित कर्मचारियों को इसके बारे में समझाया गया। स्थान देखा गया, जहां पर वैक्सीनेशन किया जाएगा। शुक्रवार को सुबह से प्रोसेस शुरू होगी, ऑनलाइन माध्यम से सीधे भोपाल में बैठे अधिकारी इसकी मॉनिटरिंग करेंगे।

## किट की कमी से जांच बंद, 4 नए पॉजिटिव

रतलाम | गुरुवार को चार नए पॉजिटिव मिले। दरअसल, मेडिकल कॉलेज में किट की कमी होने से जांच बंद हो गई है। जो कि एक-दो दिन में शुरू हो पाएगी। बुधवार को भी सात पॉजिटिव ही सामने आए थे। अब कुल संक्रमितों की संख्या 4182 हो गई है।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार ...... –पृष्ठ .8.... दिनांक ...8-1.......2021

# 2 सीएमएम व 5 सामुदायिक संगठिकाओं का वेतन रोका

रतलाम (आरएनएन)। पी.एम. स्वनिधी योजना का लक्ष्य पुरा नहीं किये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने 2 सिटी मैनेजर व 5 सामुदायिक संगठिकाओं का वेतन लक्ष्य पुरा करने तक वेतन रोके जाने के निर्देश दिये। पी.एम. स्वनिधी योजना में रतलाम शहर के 5000 स्ट्रीट वेंडरों द्वारा पंजीयन कराया गया था जिसमें से अभी तक 2650 हितग्राहियों को ही ऋण का वितरण हुआ है शेष हितग्राहियों को लाभान्वित किये जाने तक सिटी मैनेजर कपिल मारोठिया, नितिन तिवारी, सामुदायिक संगठिका श्रीमती राजश्री गुमास्ते, श्रीमती सीमा सुरोहितया, श्रीमती रेखा राठौर, हेमा सिलावट, डॉ.निर्मला राय का वेतन रोका गया।

ऐसे स्ट्रीट वेंडर जिन्होंने पी.एम. स्वनिधी योजना में अपना पंजीयन करवा लिया तथा ऋण हेतु आवेदन प्रस्तुत नहीं किया वे शीघ्र ही आवेदन प्रस्तुत करें तथा विस्तृत जानकारी हेतु पांजरा पोल स्थित नगर निगम के राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम) कार्यालय में संपर्क करें।

## 2 सीएमएम व 5 सामुदायिक संगठिकाओं का वेतन रोका

रतलाम। पी.एम. स्वनिधी योजना का लक्ष्य पुरा नहीं किये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने 2 सिटी मैनेजर व 5 सामुदायिक संगठिकाओं का वेतन लक्ष्य पुरा करने तक वेतन रोके जाने के निर्देश दिये। पी.एम. स्वनिधी योजना में रतलाम शहर के 5000 स्ट्रीट वेंडरों द्वारा पंजीयन कराया गया था जिसमें से अभी तक 2650 हितग्राहियों को ही ऋण का वितरण हुआ है शेष हितग्राहियों को लाभान्वित किये जाने तक सिटी मैनेजर कपिल मारोठिया, नितिन तिवारी, सामुदायिक संगठिका श्रीमती राजश्री गुमास्ते, श्रीमती सीमा सुरोहितया, श्रीमती रेखा राठौर, हेमा सिलावट, डॉ. निर्मला राय का वेतन रोका गया। ऐसे स्ट्रीट वेंडर जिन्होंने पी.एम. स्वनिधी योजना में अपना पंजीयन करवा लिया तथा ऋण हेतु आवेदन प्रस्तुत नहीं किया वे शीघ्र ही आवेदन प्रस्तुत करें तथा विस्तृत जानकारी हेतु पांजरा पोल स्थित नगर निगम के राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम) कार्यालय में संपर्क करें।

## 2 सीएमएम व 5 सामुदायिक संगठिकाओं का वेतन रोका

रतलाम। पी.एम. स्वनिधि योजना का लक्ष्य पूरा नहीं करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने 2 सिटी मैनेजर व 5 सामुदायिक संगठिकाओं का वेतन रोके जाने के निर्देश दिए। पी.एम. स्वनिधि योजना में रतलाम शहर के 5000 स्ट्रीट वेंडरों द्वारा पंजीयन कराया गया था। शेष हितग्राहियों को लाभान्वित किये जाने तक सिटी मैनेजर कपिल मारोठिया, नितिन तिवारी, सामुदायिक संगठिका श्रीमती राजश्री गुमास्ते, श्रीमती सीमा सुरोहितया, श्रीमती रेखा राठौर, हेमा सिलावट, डॉ. निर्मला राय का वेतन रोका गया। ऐसे स्ट्रीट वेंडर जिन्होंने पी.एम. स्वनिधी योजना में अपना पंजीयन करवा लिया तथा ऋण हेतु आवेदन प्रस्तुत नहीं किया वे शीघ्र ही आवेदन प्रस्तुत करें तथा विस्तृत जानकारी हेतु पांजरा पोल स्थित नगर निगम के राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम) कार्यालय में संपर्क करें।



# मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के स्वनिधि संवाद को देखा व सुना

रतलाम। पी.एम. स्वनिधी योजना में 2 लाख से अधिक हितग्राहियों को ऋण वितरण पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह जी चौहान द्वारा लाभार्थियों से किये गये संवाद व उद्बोधन के सीधे प्रसारण को अधिकारी, कर्मचारी व हितग्राहियों ने विधायक सभाग्रह में एल.ई.डी. वॉल स्क्रीन के माध्यम से देखा व सुना।आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम, रतलाम गोपालचन्द्र डाड, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, भाजपा जिला महामंत्री मनोहर पोरवाल, प्रदीप उपाध्याय, के अलावा प्रवीण सोनी मयूर पुरोहित, कर्णधीर बड़गोत्या, उपायुक्त विकास सोलंकी सहित जिला प्रशासन, निगम प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा हितग्राही उपस्थित थे।



# मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान के स्वनिधि संवाद को देखा व सुना गया

रतलाम। पी.एम. स्वनिधी योजना में 2 लाख से अधिक हितग्राहियों को ऋण वितरण पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा लाभार्थियों से किये गये संवाद व उद्बोधन के सीधे प्रसारण को जिले में भी देखा व सुना गया। बरबड के विधायक सभागृह में उपस्थित हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री के उद्बोधन को देखा व सुना। मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा पी.एम. स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना के तहत बुधवार को दोपहर लाभार्थियों से किये जाने वाले संवाद के सीधे प्रसारण को देखने व सुनने की व्यवस्था की गई। विधायक सभागृह में नगर निगम द्वारा एलईडी वॉल स्कीन लगाई गई, अधिकारी, कर्मचारी तथा हितग्राहियों द्वारा सोश्यल डिस्टेंसिग का पालन किया गया।

कार्यक्रम में कलेक्टर एवं प्रशासक नगर निगम श्री गोपालचन्द्र डाड, निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, श्री मनोहर पोरवाल, श्री शैलेन्द्र डागा, श्री प्रदीप उपाध्याय, श्री प्रवीण सोनी श्री मयूर पुरोहित, श्री कर्णधीर बड़गोत्या, उपायुक्त श्री विकास सोलंकी सहित जिला प्रशासन, निगम प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा हितग्राही उपस्थित थे।

8-1-2021

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै. भास्कर ---पृष्ठ .12....दिनांक..8 जन.......2021

**रतलाम में बर्ड फ्लू की आशंका** • पिपलौदा में एक, आलोट में 22 तो असावती में 5 कौओं की मौत

# जिले में 2 दिन में 28 कौवे मरे, मुर्गियों और प्रवासी पक्षियों की भी अब शुरू की निगरानी

## अफसरों ने दी सभी विभाग को मिलकर काम करने की नसीहत

भास्कर संवाददाता | रतलाम

प्रदेश के अन्य शहरों के बाद अब रतलाम में भी बर्ड फ्लू की आशंका बढ़ गई है। जिले में 2 दिन में 28 कौओं की मौत हो चुकी है। इधर, अब प्रशासनिक अमला भी अलर्ट मोड पर आ गया है। भोपाल में बैठे अफसर सीधी नजर रख रहे हैं। मुर्गियों और प्रवासी पक्षियों पर खास नजर रखी जा रही है।

हमारे जिले में कौवे की मौत बर्ड फ्लू से हुई है, इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है। लेकिन, अचानक एक साथ इतनी ज्यादा संख्या में पक्षियों का मरना... खतरे का संकेत जरूर है। इधर, स्थिति से निपटने के लिए जिला स्तर पर दलों का गठन हो गया है। सैंपल लेने और डिस्पोजल के समय अमले को पीपीई किट पहनने का कहा गया है। पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव जेएन कंसोटिया ने पशुपालन, वन, स्वास्थ्य, नगर निगम सहित अन्य विभागों को मिलकर काम करने का कहा है।

## शीशाखेड़ी व जावरा में भी मिले मृत कौए और एक बाज, बर्ड फ्लू की शंका में दफना कर एरिया सैनिटाइज्ड किया

**जावरा/आलोट** | जावरा, आलोट में गुरुवार को भी अलग-अलग जगह कुछ कौए व एक बाज मृत मिले। सभी जगह के मृत पक्षियों को सुरक्षित दफना दिया और एरिया सैनिटाइज्ड करवा दिया है। वेटनरी डॉक्टर्स का कहना है कि आलोट क्षेत्र में बुधवार को जो सैंपल लिए थे उनकी रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। जावरा पशु चिकित्सा विभाग प्रभारी डॉ. पीएस कुशवाह ने बताया कि खाचरौद नाका मंडी प्रांगण में एक बाज मृत मिला था लेकिन इसमें फ्लू जैसे लक्षण नहीं थे इसलिए सैंपलिंग नहीं की। शाम को असावती से भी कौए मरने की सूचना आई लेकिन वहां अब तक मृत कौआ नहीं मिला है। जांच करवाई जा रही है। इसके अलावा ब्लॉक में कुल 9 पोल्ट्री फॉर्म हैं। सभी को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। इधर आलोट के वेटनरी डॉक्टर के.के. गुप्ता ने बताया कि गांव शीशाखेड़ी में 10 कौए मृत मिले लेकिन वे काफी पुराने थे इसलिए सैंपलिंग नहीं की लेकिन उस एरिया को सैनिटाइज्ड करवा दिया है। ग्रामीणों से कहा है कि जहां कहीं मृत पक्षी मिले तो तत्काल जानकारी दें।

## असावती में 3 जगह से मृत मिले 5 कौए, पशुपालन को बताया



मृत कौआ की सैंपलिंग करते हुए वेटनरी टीम।

**असावती** | गुरुवार को असावती में तीन अलग-अलग जगह कुल 5 कौए मृत मिले। पुलिस चौकी के पीछे व मरम्या रोड पर एक-एक कौआ मिला। चौकीदार श्रवणसिंह के खेत पर तीन मृत कौए पड़े थे। राजेंद्रसिंह देवड़ा व गोसेवक प्रेमराज परमार ने इसकी जानकारी वेटनरी विभाग को दी है। टीम ने देर शाम गांव पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। दो कौए की जांच के लिए सैंपल भेजे हैं।

## पिपलौदा : कौवे का सैंपल नहीं लिया, मृत कौए को दफनाया

**पिपलौदा** | गुरुवार को पिपलौदा में एक कौए ने दम तोड़ दिया। बुधवार शाम को बेहोशी की हालत में इस कौवे को देखा गया था। डॉ. सुनील गोयल ने बताया फिलहाल कौवे का सैंपल नहीं लिया गया है। जिस कौवे की मौत हुई थी उसे दफना दिया गया है। सैनिटाइजेशन की प्रक्रिया भी हुई। क्षेत्रवासियों को भी नजर रखने का कहा गया है।

## जिले में बड़ी तादाद में प्रवासी पक्षी... पोल्ट्री फॉर्म पर खास नजर

इधर, सबसे बड़ी चिंता प्रवासी पक्षी और मुर्गियों की है। हनुमान ताल सहित अन्य तालाबों में इस मौसम में बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षी आते हैं। हालांकि प्रवासी पक्षियों को कोई नुकसान पहुंचने की बात सामने नहीं आई है लेकिन चिंता बनी हुई है। पोल्ट्री फॉर्म में भी लगातार जांच हो रही है। हमारे जिले में मुर्गियों की मौत का मामला सामने नहीं आया है। लेकिन चिंता की बात यह है कि यह सीधे इंसानों से जुड़ा मामला है।

## जिले में सुरक्षा इंतजाम किए जा रहे हैं

*सरकार की गाइडलाइन आ गई है, उसके अनुसार अमले को अलर्ट करके सभी सुरक्षा इंतजाम किए जा रहे हैं। बर्ड फ्लू के मद्देनजर पशु चिकित्सा विभाग पूरे जिले में नजर बनाए हुए है, यहां कंट्रोल रूम भी गठित किया गया है।*

**गोपालचंद्र डाड,** कलेक्टर

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–पत्रिका––––पृष्ठ ..9....दिनांक..8-1.......2021

## 25 किया जुर्माना

इधर गुरुवार को स्वच्छता अभियान अंतर्गत 25 लोगों पर गंदगी करने पर जुर्माने की कार्रवाई निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा की गई। कार्रवाई स्टेशन रोड, धानमंडी, पॉवरहाउस रोड, महू रोड बस स्टैंड, कोर्ट तिराहा आदि स्थान पर की गई। इन लोगों पर 500 रुपए से लेकर 50 रुपए तक के अलग-अलग जुर्माने लगाए गए।

# रंगोली से दिया स्वच्छता का संदेश



रतलाम. श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज महालक्ष्मी महिला मंडल द्वारा नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे हैं स्वच्छता अभियान में अपनी भागीदारी निभाते हुए तथा शहर स्वच्छता के प्रति जागरूकता बनाए रखने के लिए अपने घर के बाहर रंगोली बनाकर स्वच्छता का संदेश दे रहे हैं। रजनी व्यास, अनिता व्यास, संगीता व्यास, अलका व्यास, अर्चना जोशी, नीता व्यास, जया व्यास, मीता व्यास, मीना व्यास, मीनाक्षी शर्मा, आशा ओझा, कोकिला ओझा, प्रिया व्यास आदि उपस्थित थे। समाज अध्यक्ष प्रकाश व्यास ने स्वच्छता अभियान में ना केवल समाज बल्कि शहरवासियों से स्वच्छता अभियान में अपनी अहम भूमिका निभाने की अपील की है।

### रात दो बजे तक की चेतक ब्रिज पर सफाई

# आधी रात को चला स्वच्छता अभियान



**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com 8-1-2021

रतलाम. स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 के अंतर्गत नगर निगम के अधिकारी अब कमर कसकर भीड़ गए हैं। बुधवार गुरुवार की रात दो बजे तक निगम के स्वास्थ्य विभाग का अमला चेतनब्रिज पर स्वच्छता करता रहा। कुछ दिन पूर्व जहां रेलवे स्टेशन रोड पर आधी रात को निगम के दल ने आधीरात तक सफाई की थी, वही एक बार फिर अब आधीरात तक सफाई कार्य किया गया है।

बता दें कि स्वच्छता अभियान की रिपोर्ट प्रतिदिन नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया व प्रशासक गोपालचंद्र डाड ले रहे हैं। रात 12 बजे तक किए गए कार्यो को अपडेट किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत निगम के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह दलवल के साथ चेतकब्रिज पहुंचे व रात 10 बजे से लेकर मध्यरात्रि 2 बजे तक सफाई कार्य किया। इस दौरान निगम कर्मचारियों ने ब्रिज दीवार को रगड़ रगड़ कर साफ किया।